State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक शिक्षा/30–1 डी.एल.एड./प्रवेश/2019–20 2824 रायपुर दिनांक 25/07/19

**डी.एल.एड.पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु**
**ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम 2019 की सूचना**

राज्य के एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त एवं छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सम्बद्धता प्राप्त डाइट/बी.टी.आई/अनुदान प्राप्त अशासकीय बी.टी.आई. व गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम 2019–20 में प्रवेश प्री.डी.एल.एड. परीक्षा 2019 के एकीकृत मेरिट रैंक (Combined Merit Rank) के आधार पर ऑनलाइन आबंटन के माध्यम से संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् निम्नानुसार किया जा रहा है –

**1.ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम (डी.एल.एड.)**

| क्र. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| | **प्रथम चरण** | | |
| 1 | प्रथम चरण विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि। | 26.07.2019 | 01.08.2019 |
| 2 | दावा आपत्ति के लिए प्रथम चरण की आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 02.08.2019 | 03.08.2019 |
| 3 | प्रथम चरण की आबंटन सूची जारी करना। | 05.08.2019 | |
| 4 | प्रथम चरण में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 05.08.2019 | 09.08.2019 |
| 5 | रिक्त सीटों की जानकारी | 10.08.2019 | |
| | **द्वितीय चरण** | | |
| 6 | द्वितीय चरण विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि। | 13.08.2019 | 16.08.2019 |
| 7 | दावा आपत्ति के लिए द्वितीय चरण की आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 19.08.2019 | 20.08.2019 |
| 8 | द्वितीय चरण की आबंटन सूची जारी करना। | 22.08.2019 | |
| 9 | द्वितीय चरण में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 22.08.2019 | 27.08.2019 |
| 10 | रिक्त सीटों की जानकारी | 28.08.2019 | |
| | **तृतीय चरण** | | |
| 11 | तृतीय चरण विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि। | 30.08.2019 | 03.09.2019 |
| 12 | दावा आपत्ति के लिए तृतीय चरण की आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 04.09.2019 | 05.09.2019 |
| 13 | तृतीय चरण की आबंटन सूची जारी करना। | 07.09.2019 | |
| 14 | तृतीय चरण में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 07.09.2019 | 13.09.2019 |
| 15 | रिक्त सीटों की जानकारी | 14.09.2019 | |

नोट :–

1. आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण के छायाप्रति को E-mail ID scertcg2019@gmail.com या whatsapp Number 7587499759 पर भेजकर दावा आपत्ति कर सकते है।
2. आबंटन प्रक्रिया सीटों की रिक्तता, मेरिट रैंक तथा अभ्यर्थियों के विकल्प के आधार पर किया जाता है। इस कारण आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित होने मात्र से सीटों के लिए अभ्यर्थी दावा नहीं कर सकते।

## 2. आवश्यक दिशा निर्देश –

**आबंटन प्रक्रिया हेतु संक्षिप्त आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं –**

### 2.1. डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता :–

I. डी.एल.एड.पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 स्तर (हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा) में न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। छ.ग. राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को डी.एल.एड. प्रवेश नियम के अनुसार अर्ह परीक्षा के प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान होगा।

### 2.2. ऑनलाइन पंजीयन प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज जिनकी आवश्यकता होगी :–

I. प्री. डी.एल.एड. परीक्षा 2019 की अंकसूची। (इंटरनेट वाली अंकसूची भी मान्य है)

II. अर्हकारी परीक्षा– हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट (10+2) परीक्षा की अंकसूची।

III. जन्मतिथि हेतु 10वीं / 12वीं की अंकसूची या सक्षम अधिकृत प्राधिकारी / संस्था से प्रदान किया गया जन्म प्रमाण पत्र।

IV. आरक्षित वर्ग व संवर्ग हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र।

V. छ.ग. डी.एड. प्रवेश नियम 2007 के 3 (ख) के तहत छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी संबंधी प्रमाण पत्र।

## 3. ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया :–

ऑनलाइन पंजीकरण (Online Registration) जहां पर इंटरनेट की सुविधा हो, अपनी सुविधानुसार घर पर किसी सायबर कैफे में, किसी इंटरनेट पार्लर पर कर सकते हैं। कम्प्यूटर सिस्टम में chrome 22/ Firefox अथवा उससे उच्च क्षमता वाले ब्राउजर का होना आवश्यक है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं विकल्प फार्म भरने हेतु जाने से पूर्व आपको निम्न दस्तावेज अपने साथ में अवलोकन हेतु रखने चाहिये, जैसे – 10+2 की अंकसूची (प्राप्तांकों के भरने के लिये) प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 2019 की अंकसूची (रोल नंबर प्रविष्टि के लिये) संस्थाओं एवं वहाँ उपलब्ध सीटों की सूची वेबसाइट के होम पेज पर भी दी जायेगी।

### 3.1 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिये आपको निम्न चरण (steps) करने होंगे।

## Step - 1

**1-** सबसे पहले उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट http//scert.cg.gov.in अथवा https://scertraipur.in/cgdeled2019 में जायें। इसके होम पेज पर कई जानकारियाँ दी गई है। जैसे :– समस्त संस्थाओं की सूची पिछले वर्ष का कट–ऑफ रैंकिंग, पिछले वर्ष की संस्थावार भरे एवं रिक्त सीट, संस्थाओं की फीस की जानकारी एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया की जानकारी आदि। इन समस्त जानकारियों का भी अवलोकन कर लें।

2- स्क्रीन के दाहिने भाग में New Registration Tab को क्लिक करें इसके पश्चात् आपको अगले स्क्रीन पर अपना प्री.डी.एल.एड. परीक्षा 2019 का रजिस्ट्रेशन नंबर और अनुक्रमांक (Roll No.) व्यापम का एन्टर कर Check Details पर क्लिक करें।

3- इसके ठीक नीचे आपको Validate Pre D.El.Ed.-2019 details दिखायी देगा। इसमे आपके द्वारा प्री.डी.एल.एड. परीक्षा 2019 के फार्म में भरी गयी जानकारियाँ दिखाई देगी। इसे Save & Next Tab पर क्लिक करें।

4- अगले स्क्रीन पर आपको Registration details दिखायी देगा। जहाँ आपको अपना नाम, अभिभावक का नाम, लिंग एवं जन्मतिथि दिखाई देगा। इसे आप Edit नहीं कर सकते है। इसके नीचे Mobile Number Tab पर आपको अपना नंबर भर कर Verify Tab पर क्लिक करें, क्लिक करने के पश्चात् आपके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर 4 अंक का OTP (One Time Password) प्राप्त होगा। उस 4 अंक का OTP Box में भरकर Verify Tab पर क्लिक करें। अब आपका मोबाइब नंबर वाला Tab Verified हो गया। इसके बाद आपको Email ID, Pincode, Alternate Contact Number, Password इसके नीचे आपको अपना Password Create करना होगा। आप अपने सुविधानुसार कोई भी पासवर्ड जिसे आप आसानी से याद रख सकें। पासवर्ड न्यूनतम 08 digit तथा अधिकतम 15 digit का होना चाहिये Confirm और Captcha Code भरकर Register Tab पर क्लिक करें।

**टीप – 1. आवेदन करते समय आपके पास मोबाइल होना अनिवार्य है जिसमें OTP (one time password) भेजा जायेगा।**

**2. Password नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार ही रखें।**

5- अगले स्क्रीन पर आपको अपना Login ID नंबर दिखाई देगा इसे सुरक्षित नोट कर लें, तथा इसे किसी को न बताये एवं प्रिंट आउट लेकर रख लेवें।

6- इसके पश्चात Login Tab पर क्लिक करें।

7- इसके पश्चात् जो स्क्रीन खुलेगा उसमें आपको Login ID, आपके द्वारा सेट किया हुआ पासवर्ड और Captcha Code भरकर इन्टर करना होगा।

8- इसके पश्चात आपको अपना Dashboard प्रदर्शित होगा।

## Step - 2

1. Dashboard Menu के नीचे Fill/Edit Application Form Tab पर क्लिक करें। इसके अंदर 5 Fields दिखाई देगा। ये Field निम्नानुसार है – Registration, Domicile and Reservation, Qualifications, Upload Documents and Lock Application ।

- **Registration Tab** पर क्लिक करते ही आपकी भरी हुई जानकारी प्रदर्शित होगी। जैसे कि – आपका नाम, अभिभावक का नाम, लिंग, जन्मतिथि इत्यादि। यदि दी गई जानकारी सही होने पर Save & Next Tab पर क्लिक करें। यदि नाम, लिंग व जन्मतिथि में त्रुटि होने पर संशोधन हेतु आवश्यक साक्ष्य E-mail scertcg2019@gmail.com या whatsapp number 7587499759 भेजने पर सुधार कार्य किया जायेगा।

- **Domicile and Reservation Tab** पर क्लिक करते ही आपकी आरक्षण के बारे में भरी हुई जानकारी प्रदर्शित होगी। अगर दी गई जानकारी में किसी प्रकार की भिन्नता हो तो उसका सुधार आपके द्वारा किया जा सकता है। इसी प्रकार आपको निवास से संबंधित एवं संवर्ग की जानकारी भरनी होगी। संवर्ग का लाभ लेने के लिए EXSR/FF/PH संवर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में तैयार प्रमाण पत्र का फोटोकापी (JPG/PDF Format में) ऑनलाइन फार्म के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। इसके बगैर वे संवर्ग में फार्म नहीं भर सकेगे। उसके पश्चात् Save & Next Tab पर क्लिक करें।
- **Qualifications** – यदि आप 12वीं के आधार पर प्रवेश ले रहे हो तो 12th की योग्यता क्लिक करें और निर्धारित स्थान पर 12वीं में किए गए बोर्ड का नाम तथा 12वीं के प्राप्तांक एवं कुल अंक भरे।
- शैक्षणिक योग्यता की जानकारी में 12वीं से संबंधित जानकारी भरनी होगी, इसमें 12वीं के प्राप्तांक, जिला का नाम, संकाय की जानकारी भरनी होंगी। निर्धारित स्थानों में वांछित जानकारी भरने के पश्चात Save & Next Tab को क्लिक करें।
- **Upload Documents** - आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। जिसमें 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची (JPG/PDF Format में) ऑनलाइन फार्म के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। इसके बगैर वे फार्म नहीं भर सकेंगे। इसके पश्चात् Save & Next Tab पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आपको यदि आप संवर्ग लाभार्थी है तो EXSR/FF/PH संवर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में तैयार प्रमाण पत्र का फोटोकापी (JPG/PDF Format में) ऑनलाइन फार्म के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। इसके बगैर वे संवर्ग में फार्म नहीं भर सकेगे।

- **Lock Application** - निर्धारित स्थानों में वांछित जानकारी भरने के पश्चात् स्क्रीन के ऊपर सूचना प्रदर्शित होगी कि आप डी.एल.एड. प्रवेश हेतु पात्र है या नहीं। इसके पश्चात् आपके द्वारा सेव किया गया पासवर्ड वहाँ इन्टर करके लॉक एप्लीकेशन फार्म (Lock Application From & Proceed to fill option form) पर क्लिक करना आपको अनिवार्य है। यदि

आपने अपना आवेदन पासवर्ड इन्टर कर लॉक कर दिया तो आप अपने आवेदन में किसी भी प्रकार का बदलाव नही कर सकते।

## Step - 3

**विकल्प चुनना :–**

I. विकल्प भरने के लिये Fill/Edit Option Form पर क्लिक करें। आपको प्रवेश जिसके आधार पर लेना है अर्थात मूल निवास या 12वीं उत्तीर्ण जिला अनुसार उसे Admission Based On Tab से Select करें। इसके पश्चात Save & Next Tab पर क्लिक करें। इसके बाद आपको पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं के नाम College Code अनुरूप प्रदर्शित होंगे। अब आपको उस जिले में आपकी अर्हता के अनुसार महाविद्यालय प्रदर्शित होंगे। स्क्रीन के सबसे नीचे दाहिने ओर आपको Add Select On Preference Tab दिखाई देगा, जितने महाविद्यालय आपने चुने होंगे उतने महाविद्यालय आपकी सूची में प्रदर्शित होंगे।

## Step - 4

I. जिस संस्था में प्रवेश लेने के लिये आप विकल्प भरना चाहते है उसे Select Tab में जाकर चुन लें। इसके पश्चात् Add Selected Option बटन पर क्लिक करें। अब दूसरे महाविद्यालय का विकल्प को भरना चाहते हैं, तो Add Selected Option बटन पर क्लिक करें। और इसके पश्चात उपर दी गई प्रक्रिया दोहराएं। आप जितने चाहें उतनी संस्थाओं दे सकते हैं।(**कम से कम एक संस्था का नाम देना अनिवार्य है परंतु आपको सलाह दी जाती है कि अधिक से अधिक संस्थाओं का नाम दें**)। चुनी हुई संस्थाओं के नाम उपर प्रदर्शित हो जायेगें। आप कितने ही संस्थाओं का विकल्प भर सकते हैं परंतु आबंटन केवल आपके प्री.डी.एल.एड. 2019 के एकीकृत (Combined Merit Rank) मेरिटक्रम के आधार, महाविद्यालयों में सीटों की उपलब्धता एवं आपके द्वारा दिये गये प्राथमिकता क्रम के आधार पर केवल एक ही संस्था के लिये होगा। इच्छानुसार सारे विकल्प भरने के बाद तब अंत में Save & Next में क्लिक करें।

## Step - 5

I. आपके द्वारा चुने हुए संस्थाओं की सूची दिखाई देगी। आपके द्वारा चुने हुये संस्थाओं के क्रम में ही आपको संस्था आबंटित होगी। अगर आप विकल्पों को बदलना चाहते है तो Set preferences Tab में जाकर बदल सकते है। अगर आप किसी एक विकल्प को हटाना चाहते है या सभी विकल्पों को हटाना चाहते है तो Reset preference Tab पर क्लिक करें इससे पुराने क्रम मिट जायेंगे। अब उपरोक्तानुसार ही प्रक्रिया कर पुनः सभी

विकल्पों का नवीन क्रम दे दें। जब आप आश्वस्त हो जायें कि अब क्रम सही है तो अंत में Save & Next Tab पर क्लिक करें। अगर आप अपने विकल्पों को बदलना या नये विकल्प जोड़ना चाहते है तो Set Preferences/Shortlist Option Tab पर क्लिक करें। इसके पश्चात आप अपने विकल्पों को बदल सकते है और नये विकल्प जोड़ सकते है।

II. यदि आप शासकीय संस्थानों का विकल्प भरना चाहते है तो केवल उसी जिले में जहां से आपने 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की है या जिस जिले के निवासी है उसी जिले में स्थित शासकीय संस्थानों के विकल्प ले सकते है। अन्य जिलों के शासकीय संस्थानों के लिए आप पात्र नहीं होंगे।

III. शासकीय संस्थानों में आबंटन जिलेवार आरक्षण अनुसार किया जायेगा।

## Step - 6

इसके पश्चात आपकों आपने दिये गये विकल्पों को Lock करने के लिये आपका Password Type करना होगा।

## Step - 7

**निर्धारित शुल्क** :– काउंसिलिंग सीट्स आबंटन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सभी वर्ग के लिए काउंसिलिंग शुल्क रु. 300/– की राशि जमा करना अनिवार्य होगा। यह राशि Online SBI के ई–पेमेंट के माध्यम से किसी भी बैंक के खाते से भरी जा सकती है। (जैसे : Debit Card, Credit Card, online बैकिंग व e-Challan)। काउंसिलिंग शुल्क ऑनलाइन के अतिरिक्त किसी अन्य रुप में (जैसे:– डी.डी.,चेक,नगद) स्वीकार्य नहीं होगा।

## Step - 8

इसके पश्चात स्क्रीन पर बटन पर Print Application And Option Form क्लिक करें। इससे आपका फार्म प्रदर्शित होगा, जिसमें आपका फोटो और आपके द्वारा भरी गयी सभी जानकारियां एवं विकल्प भी रहेंगें। इसका प्रिंट लेना अनिवार्य है। यदि प्रिंट लेने के पश्चात आपको पुनः यह लगता है कि विकल्प के क्रम में कोई बदलाव किया जाता है तो यह बदलाव अभी नहीं किया जा सकता है। यदि आप अपने विकल्प में बदलाव करेंगे तो आपका पुराना विकल्प वाला फार्म स्वमेव निरस्त हो जायेगा एवं नये विकल्प फार्म में सिर्फ Version No. बदल जायेगा। Version No. Application Form के प्रथम पृष्ठ पर उपर बीच में दिया रहता है। निर्धारित अंतिम तिथि तक आप कितने बार भी अपने विकल्प बदल सकते हैं। परंतु इसके पश्चात विकल्प बदलने की अनुमति नहीं रहेगी। जो विकल्प फार्म आपने अंतिम बार भरा है उसी विकल्प फार्म का अंतिम Version ही मान्य किया जायेगा। इसके पूर्व के विकल्प नहीं।

प्रिंट लेने के बाद भी यदि आप विकल्प बदलना चाहते है और नये विकल्प जोड़ना चाहते है तो आप पुनः Home Page पर बटन पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन नंबर एवं पासवर्ड डाले और लॉगइन बटन पर क्लिक करें।

**टीप :–**

1. यह छात्र की जिम्मेदारी रहेगी कि जो भी विकल्प का क्रम भरा गया है वह उसके स्वयं के इच्छा एवं विवेक से भरा गया है। किसी प्रलोभन, दबाव या किसी के कहने पर नहीं भरा गया है। सलाह दी जाती है कि विकल्प भरने से पहले अपना संस्था का प्राथमिकता क्रम तैयार कर लें। जिससे विकल्प भरते समय ज्यादा कठिनाई न हो एवं ज्यादा समय न लगे।

2. यदि ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म में कोई त्रुटि होती है तो अभ्यर्थी उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगे।

4. **दस्तावेज परीक्षण करना** (Document Verification) :– दस्तावेजों का प्रारंभिक व अंतिम परीक्षण आबंटित महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

5. **सीट्स आंबटन** :– निश्चित तिथि को अभ्यर्थियों के द्वारा दिये गये महाविद्यालयों के विकल्प एवं महाविद्यालयों में उपलब्ध सीट्स एवं अभ्यर्थी के एकीकृत मेरिट रैंक के आधार पर महाविद्यालयों में सीट्स आबंटन किया जायेगा।

**5.1 आबंटन की सूचना निम्नलिखित माध्यम से प्राप्त कर सकते है।**

(a) SMS के द्वारा सूचना दी जायेगी। SMS प्राप्त नहीं होने की जिम्मेदारी SCERT की नहीं होगी।

(b) अभ्यर्थी अपने Login में जाकर अपना ID एवं पासवर्ड डालकर अपना आबंटन पत्र देख सकते है एवं उसका प्रिंट निकाल सकते है। इस आबंटन पत्र को लेकर आबंटित संस्था में निर्धारित तिथि तक प्रवेश प्राप्त करें।

(c) वेबसाइट में अपना विकल्प फार्म क्रमांक प्री.डी.एल.एड. 2019 का रोल नं. Submit कर भी आबंटन देख सकते हैं। चयन की किसी प्रकार की सूचना डाक के द्वारा नहीं दी जाएगी।

(d) अस्थाई आबंटन पत्र प्राप्त करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक इस आबंटन पत्र व आवश्यक दस्तावेजों की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ आबंटित महाविद्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर निर्धारित तिथि तक प्रवेश ले सकते है।

**5.2 चयनित अभ्यर्थियों का महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया :–**

**a)** अभ्यर्थी को आबंटित महाविद्यालय में अस्थाई आबंटन पत्र एवं मूल दस्तावेजों के साथ प्रवेश लेने के लिए निर्धारित तिथि में उपस्थित होना होगा। प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर अभ्यर्थी आबंटन प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे।

b) महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों को जांचकर सभी दस्तावेज सही पाए जाने पर निर्धारित प्रवेश शुल्क लेकर उन्हें प्रवेश दिया जायेगा। अगर मूल दस्तावेजों में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है तो उसका चयन अस्वीकार कर दिया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय द्वारा उनके प्रवेश को ऑनलाइन अपडेट कर दिया गया है तथा वे ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा पेमेन्ट किया गया फीस की रसीद अनिवार्यतः प्राप्त करें। ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा पेमेन्ट किया गया फीस की रसीद नहीं होने की स्थिति में प्रवेश अमान्य माना जायेगा।

c) महाविद्यालय अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य शुल्क न लेवें। अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायत प्राप्त होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

d) चयनित अभ्यर्थी यदि प्रवेश के लिए निर्धारित अवधि में महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लेता है तथा चयन निरस्त नहीं करता है तो वह ऑनलाइन प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। अपने Login में जाकर अपना चयन एक बार निरस्त कर सकता है।

e) प्रवेश लेने के पश्चात् महाविद्यालय परिवर्तन या आपसी स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है।

टीपः–

1. किसी भी विवाद की स्थिति में संचालक, एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।
2. डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में सीटों का आरक्षण शासन के वर्तमान में लागू आरक्षण नियम के तहत होगा।
3. प्रवेश नियम व दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी, आबंटन कार्यक्रम एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in पर उपलब्ध है।
4. अधिक जानकारी एवं पूछताछ के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते है – (1) 7587499759 (2) 9424199754 (3) 7587499929 (4) 7587499906 (5) 7587499921 ।

**(डॉ. सुनीता जैन)**
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर